INDIAN SCHOOL SOHAR
TERM-1 EXAMINATION (2022-23)
विषय:हिन्दी

कक्षा: VII   पूर्णांक: 40
दिनांक: 27/09/2022   समय: 2 घंटे

निर्देश : 1. इस प्रश्न -पत्र में चार खंड हैं – क, ख, ग और घ।
2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न संख्या अवश्य लिखिए।

खंड -क (अपठित गद्यांश)

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- 4

हमारी जन्मभूमि भारत स्वर्ग से भी बढ़कर है। यहाँ पर बहुत से ऐसे स्थल हैं जो विश्व के सबसे अधिक सुंदर स्थलों में गिने जाते हैं। हमारा भारत एक प्राचीन देश है। इसका इतिहास स्वर्णिम रहा है। एक समय था जब इसे सोने की चिड़िया के नाम से जाना जाता था। हमारे देश भारत की उन्नति का एक महत्त्वपूर्ण तत्व है-अनेकता में एकता की भावना। हमारे देश में विभिन्न जातियों और धर्मों के लोग आपस में मिलजुलकर रहते हैं। यहाँ कई तरह की संस्कृतियाँ हैं, जो हमारे देश को एक धागे में बाँधे रखती हैं। इसी एकता की वजह से ही हमारा देश भारत नित्य उन्नति प्राप्त कर रहा है।

प्रश्न

(क) हमारे देश का इतिहास कैसा रहा है ?
(ख) भारत को किस नाम से जाना जाता है ?
(ग) हमारे देश भारत की उन्नति का महत्त्वपूर्ण तत्व क्या है ?
(घ) ‘नवीन’ व ‘एकता’ - शब्दों के विलोम गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखिए।

खंड -ख (व्याकरण)

प्रश्न 2 (i) आप यहाँ नहीं बैठो। - इस वाक्य का शुद्ध रूप विकल्पों में से चुनिए। 1

(क) आप यहाँ मत बैठो।
(ख) आप वहाँ नहीं बैठो।
(ग) आप यहाँ नहीं बैठिए।
(घ) आप यह मत बैठो।

(ii) रमा, शीला और दीपा जाएगी। - इस वाक्य का शुद्ध रूप विकल्पों में से चुनिए। 1

(क) दीपा, शीला और रमा जाएगी।
(ख) रमा, शीला या दीपा जाएँगी।
(ग) रमा, शीला और दीपा जाएगा।
(घ) रमा, शीला और दीपा जाएँगी।

PTO

प्रश्न 3. (i) 'क्षत्रिय'- शब्द का स्त्रीलिंग दिए गए विकल्पों में से छाँटिए। 1

(क) क्षत्रिया

(ख) क्षत्राणी

(ग) वीरांगना

(घ) शिक्षिका

(ii) निम्नलिखित वाक्य में रिक्त स्थानों की पूर्ति दिए गए सबसे सही विकल्प को चुनकर कीजिए। 1

वाक्य : रमेश बहुत अच्छा __________ है और उसकी बहन भी अच्छी ________ है।

(क) गायिका, गायक

(ख) गुणवान, विद्वान

(ग) कवि, कवयित्री

(घ) वीरांगना,वीर

प्रश्न 4. (i) 'कथा'- शब्द का बहुवचन दिए गए विकल्पों में से छाँटिए। 1

(क) कथाएँ

(ख) कथा

(ग) कथन

(घ) कताएं

(ii) निम्नलिखित वाक्यों में से नित्य बहुवचन शब्द का प्रयोग किए हुए वाक्यों को पहचानकर, निम्न दिए गए विकल्पों में से सबसे सही विकल्प को चुनिए - 1

वाक्य

(अ) उषा के बाल बहुत लंबे हैं।

(ब) आज वर्षा नहीं होगी।

(स) पानी बेकार मत करो।

(ड) अध्यापक ने हस्ताक्षर किए।

विकल्प

(क) कथन (अ) और (ब) सही हैं।

(ख) कथन (स) और (ड) सही हैं।

(ग) कथन (ब) और (स) सही हैं।

(घ) कथन (अ) और (ड) सही हैं।

प्रश्न 5. (i) 'अंबर'- शब्द के अनेकार्थक शब्द दिए गए विकल्पों में से छाँटिए। 1

(क) प्रेम, तेल, चिकनाई

(ख) वर्ण, आत्मा, ब्रह्मा

(ग) आकाश, कपड़ा, कपास

(घ) जंगल, पानी, बाग

(ii) निम्नलिखित अनेकार्थक शब्द युग्मों पर विचार कीजिए: 1

शब्द	अर्थ
(1) प्रकृति	(अ) इलाज, उपाय
(2) दंड	(ब) सज़ा, डंडा
(3)विधि	(स) स्वभाव, कुदरत
(4)उपचार	(ड) तरीका, भाग्य

उपर्युक्त युग्मों में से सही सुम्मेलित विकल्प है -

(क) 1-ड, 2-स, 3-ब, 4-अ

(ख) 1-स, 2-ब, 3-ड, 4-अ

(ग) 1-स, 2-ड, 3-ब, 4-अ

(घ) 1-ड, 2-स, 3-अ, 4-ब

खंड -ग (साहित्य)

प्रश्न 6 . निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए :- 5

(क) लुभावना (ख) कठपुतली (ग) उस्ताद (घ) नतीजा (ङ) किसान

प्रश्न 7 . निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए:- 2

(क) विचित्र (ख) घाव

प्रश्न 8 . निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर लिखिए :- 4

विजय बाबू भीतर-बाहर दोनों रूपों में मुसकरा दिए। मन-ही-मन कहने लगे-कैसा है! देता तो सबको इसी भाव से है, पर मुझ पर उलटा एहसान लाद रहा है। फिर बोले-"तुम लोगों की झूठ बोलने की आदत होती है। देते होगे सभी को दो-दो पैसे में, पर एहसान का बोझा मेरे ही ऊपर लाद रहे हो।" मुरलीवाला एकदम अप्रतिभ हो उठा। बोला-"आपको क्या पता बाबू जी कि इनकी असली लागत क्या है! यह तो ग्राहकों का दस्तूर होता है कि दुकानदार चाहे हानि उठाकर चीज़ क्यों न बेचे, पर ग्राहक यही समझते हैं-दुकानदार मुझे लूट रहा है।"

PTO

प्रश्न

(क) इस गद्यांश के पाठ तथा लेखक का नाम लिखिए।

(ख) विजय बाबू कौन थे ?

(ग) मुरलीवाला मुरली कितने में बेच रहा था ?

(घ) कथन(A) कारण(R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए।

कथन – विजय बाबू की बातें सुनकर मुरलीवाला एकदम अप्रतिभ हो उठा।

कारण – विजय बाबू ने मुरलीवाले से इस तरह बात की थी क्योंकि वह उसे अच्छी तरह जानते थे।

विकल्प

(i) कथन(A) गलत है किन्तु कारण(R) सही है।

(ii) कथन(A) सही है किन्तु कारण(R) गलत है।

(iii) कथन(A) और कारण(R) दोनों सही हैं।

(iv) कथन(A) और कारण(R) दोनों गलत हैं।

प्रश्न 9 . निम्नलिखित प्रश्नों में से **<u>किन्हीं 3 प्रश्नों</u>** के उत्तर लिखिए :- 9

(क) लेखक ने सिंधु और ब्रह्मपुत्र की क्या विशेषताएँ बताई हैं ?

(ख) कठपुतली को अपने पाँवों पर खड़ी होने की इच्छा है, लेकिन वह क्यों नहीं खड़ी होती?

(ग) खून को 'भानुमती का पिटारा' क्यों कहा जाता है?

(घ) शाम -एक किसान कविता में कवि ने किसान, साफ़ा और अँगीठी की तुलना किस – किस से की है ?

खंड -घ (लेखन)

प्रश्न 10 . निम्नलिखित में से **<u>किसी एक विषय</u>** पर लगभग 50 से 70 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :- 4

(क) रसमय जीवन – स्वस्थ जीवन

(ख) प्लास्टिक की दुनिया और हम

(ग) पेड़ – हमारे मित्र

प्रश्न 11 . 'प्रातः काल की सैर' के लाभ बताते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए। 4

या

'सोहार' शहर का वर्णन करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

****